हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार,22 जून 2024

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री


12 एक साथ पांच हजार साधकों ने किया योग


12 परीक्षाओं में धांधली को लेकर कांग्रेसियों ने बोला हल्ला

## खबर संक्षेप

### हेरोइन तस्करी के मामले में गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर क्षेत्र के शालीमार बाग एरिया से नशा तस्करी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी कमल को 30 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। सूचना उपरांत पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी को काबू कर लिया। इसके बाद पुलिस ने तलाशी के दौरान आरोपी से हेरोइन जब्त की।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी काबू

अंबाला। थाना सैक्टर-9 अंबाला शहर में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी हरप्रीत सिंह को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। अलीपुर के प्रेम सिंह ने 25 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 9 फरवरी 2017 से 14 मार्च 2024 के दौरान आरोपी त्रिलोचन सिह व अन्य ने जालसाजी से उसके नाम के फर्जी दस्तावेज तैयार करके रुपये हड़पने की धोखाधड़ी कर जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### पुलिस ने अवैध कट्टे के साथ आरोपी को दबोचा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने विकास नगर में मोहम्मद सादिक पुत्र जाकिर हुसैन निवासी इमाम साहब मोहल्ला को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए टू प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है। वहीं आरोपी कट्टा, आठ हजार रूपये में कैराना, यूपी से खरीद कर लाया था।

### सूने घर से 25 हजार रुपये व आभूषण चोरी

**यमुनानगर।** साढौरा के सवानिया मौहल्ला में चोरों ने जगजीत सिंह के सूने घर का ताला तोड़कर 25 हजार रुपये, सोने व चादी के आभूषण व अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना के समय परिवार के सदस्य चंडीगढ़ पीजीआई में दवाई लेने के लिए गए थे।

# श्रीगुरु हरगोबिंद साहिब जी के प्रकाश पर्व पर सजाया महान नगर कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


**कुरुक्षेत्र।** नगर कीर्तन के दौरान श्री पालकी साहिब के साथ चलती संगत।

- **बोले सो निहाल, सतश्री अकाल से गूंजी धर्मनगरी**

बोले सो निहाल सत्श्री अकाल की गूंज, शबद कीर्तन के साथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के समक्ष शीश नवाने और सेवा करने का उत्साह। शुक्रवार को धर्मनगरी में यह अध्यात्मिक एवं मनमोहक दृश्य देखने को मिला। मौका था मीरी-पीरी के मालिक धन-धन श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज के प्रकाश उत्सव पर सजाए गए महान नगर कीर्तन का। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की छत्रछाया और पारपंरिक वेशभूषा में पंज प्यारों की अगुवाई में सजाए गए नगर कीर्तन में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब व हरियाणा के अलग-अलग जिलों से आई संगत ने न सिर्फ अपना शीश नवाया, बल्कि श्रद्धाभाव के साथ श्री पालकी साहिब के आगे-आगे रास्ता साफ भी किया। इतना ही नहीं, नगर कीर्तन के आगे संगत ने जल छिडकाव भी किया। इससे पहले संत महापुरुष बाबा कश्मीर सिंह भूरी साहिब वाले, संत बाबा महेश मुनि जी, हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी की कनिष्ठ उपप्रधान बीबी रविंदर कौर अजराना, स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना, मैंबर बीबी राणा कौर भट्टी, साहब सिंह चक्कू, चीफ सैकेटरी जसविंदर सिंह दीनपुर, अतिरिक्त सचिव राजपाल सिंह दुनियामाजरा, सतपाल सिंह ढाचर, उप सचिव अमरिंदर सिंह, यात्रा विभाग प्रभारी हरकीरत सिंह, मैनेजर हरमीत सिंह सहित भारी गिनती में संगत ने गुरुद्वारा साहिब में श्री दरबार साहिब में हाजिरी भरी।

### बखूबी अपना कार्य कर रही हरियाणा कमेटी

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी की कनिष्ठ उप्रधान बीबी रविंदर कौर अजराना ने कहा कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी अपना कार्य बाखूबी कर रही है। प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध की अगुवाई में हरियाणा कमेटी ने जिस बेहतरीन ढंग से श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी का प्रकाश उत्सव मनाया जा रहा है, वह काबिलेतारिफ है। गुरुद्वारा साहिबान का प्रबंध बड़े ही बढिया तरीके से किया जा रहा है।

### एकजुट हो सेवा भाव से गुरु घर के लिए सहयोग करें

संगत को संबोधित करते हुए स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना ने संगत से आह्वान किया कि सभी एकजुट होकर सेवा भाव से गुरु घर के लिए सहयोग करें। अपने बच्चों को नितनेम से जोड़ने के साथ-साथ ऐतिहासिक दिनों के इतिहास की पूरी जानकारी दें। उन्होंने कहा कि हम सब को अपने बच्चों को ऐतिहासिक स्थालों के दर्शन भी करवाने चाहिए। बच्चों को दस्तार एवं गुरबाणी के महत्व से अवगत करवाना चाहिए।

### संगत ने पालकी साहिब के समक्ष नवाया शीश

इसके उपरांत धर्मनगरी के ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी से गुरु चरणों में अरदास के साथ महान नगर कीर्तन की शुरूआत शबद कीर्तन और बोले सो निहाल सत श्री अकाल की गूंज के साथ हुई। भाई गुरदास सिंह ने गुरु चरणों में अरदास की। हजारों की तदाद में संगत ने फूलों से सुसज्जित श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की पालकी साहिब के समक्ष शीश नवाया। ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब से जैसे ही श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की छत्रछाया और पंज प्यारों की अगुवाई में महान नगर कीर्तन आरंभ हुआ, तो नतमस्तक होने के लिए संगत का हजूम उमड़ पड़ा। नगर कीर्तन में यूपी, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, मध्य प्रदेश और हरियाणा के अलग-अलग जिलों की संगत विशेष रूप से शामिल हुई, जबकि कुरुक्षेत्र जिला की संगत ने भी उत्साहपूर्वक परिवार समेत गुरु साहिब के समक्ष हाजिरी भरी तथा विभिन्न स्थानों पर ठंडे पानी, जलजीरा, कुल्फी और अन्य खाद्य पदार्थों के स्टाल लगाकर सेवा की। यह नगर कीर्तन रेलवे रोड, पोस्ट ऑफिस, कुटिया वाली गली, गुलजारी लाल नंदा मार्ग, थानेसर बस स्टैंड, अंबेडकर चौक, सीकरी चौक, शास्त्री म्मार्किट, बिडला मंदिर से होकर गुरुद्वारा साहिब में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर संगत ने रंग बिरंगी आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया। उधर आमजन और संगत को किसी भी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए यातायात प्रबंध का मोर्चा स्वयं हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के कर्मचारियों ने संभाले रखा। नगर कीर्तन के साथ-साथ पूरे यातायात को सुचारु ढंग से चलाने और पंकितबद्ध संगत को लेकर चलने के लिए एचएसजीएमसी की टीम ने देरसायं तक यातायात की बागडोर संभाल कर रखी।

# तंदवाल में पीने के पानी का संकट

## ग्रामीणों ने सीएम विंडो पर दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा


सीएम विंडो पर दी गई शिकायत दिखाते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

- **अधिकारियों पर समस्या की अनदेखी करने का आरोप, कहा पानी की वजह से संकट झेल रहे लोग**

गांव तंदवाल में पीने के पानी की समस्या का मामला उलझता जा रहा है। बीते दिवस पीने के पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने सीएम विंडो पर शिकायत दी और समस्या के जल्द हल किए जाने की मांग की। शिकायतकर्ता ग्रामीणों अशोक पुरी, कृष्ण, सुदेश कुमार पंच, साहिल, कुलदीप, जसपाल सिंह, बलबीर नाथ, रविंद्र सिंह, संतोष, धर्मपाल, कर्मवीर, हिमांशु, सेठी, प्रवीन कुमार, परमजीत पंच, शिव कुमार, रणदीप, सरोज देवी, जतिन, वंश, संजीव कुमार, वंशिका, सुखदेव, जय कुमार, ओम प्रकाश, मनीष, विनोद ने सीएम के नाम लिखी शिकायत में कहा वह सब वार्ड नं 9 और 10 के निवासी हैं। कुछ दिन पहले उनके वार्ड में वाटर सप्लाई की नई पाईप लाईन डाली गई है जोकि पुरानी पाइपलाईन से लगभग दो फीट उंचाई पर है जिस कारण सारे मोहल्ले में पानी की समस्या हो गई है।

### पीने के पानी से प्लॉटों में खेती किए जाने से संकट

ग्रामीणों का कहना है कि पानी न आने की मुख्य वजह गांव में कुछ जगहों पर पीने के पानी से अपने प्लॉटो में खेती कर रहे है जिस कारण मौहल्ले में पानी की गंभीर समस्या बन गई है। ग्रामीणों ने बताया कि पानी की नई पाइपलाईन डालने के कारण जिस गली को जेसीबी की मदद से तोड़ा गया था। उसकी मुरम्मत भी अभी तक नहीं करवाई गई है। ऐसे में मोहल्ला दोहरी मार झेल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस बारे में विभाग को भी अवगत करवाया जा चुका है लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। ऐसे में ग्रामीणों ने सीएम से इस समस्या पर विशेष ध्यान दिए जाने की मांग की है।

# ईएसआई की एमएस को कारण बताओ नोटिस

- **महिला क्लर्क के घर में बिजली व पानी कनेक्शन काटने के आदेश**

**पानीपत।** राज्य सरकार द्वारा प्रदेश भर में आम जन की समस्याओं का मौके पर निदान करने को लेकर लगाए जा रहे समाधान शिविर में उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया ने सख्ती बरतते हुए अधिकारियों को चेतावनी दी कि यदि उन्होंने समाधान शिविर में गंभीरता नहीं दिखाई व डयूटी के प्रति कोताही नजर आई तो उनके खिलाफ सख्त से सख्त एक्शन लिया जाएगा। उपायुक्त ने शुक्रवार को समाधान शिविर में समय पर न पहुंचने पर ईएसआई की एमएस बबीता को फोन पर डयूटी के प्रति कोताही क्यों बरती जा रही है इसके संदर्भ में लताड़ा व कारण बताओं नोटिस भेज कर जबाव देने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने एक अन्य मामले में मार्केट कमेटी आवास में दूसरा क्वाटर लेने के लिए आवेदन करने वाली मार्केट कमेटी की कर्लक रामरती के खिलाफ कार्रवाही करने व उनके क्वाटर का बिजली पानी कनेक्शन काटने के बिजली व पब्लिक हैल्थ विभाग के अधिकारियों को आदेश दिए। समाधान शिविर में शुक्रवार को 201 समस्याएं प्राप्त हुई, जिनमें से 103 का मौके पर समाधान किया गया।

# नशीली आइसक्रीम खिलाई और गाड़ी लेकर फरार हो गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- **आरोपी राजस्थान से किराए पर गाड़ी करके अंबाला आया था**

राजस्थान से किराए पर गाड़ी करके अंबाला पहुंचा शातिर ठग गाड़ी लेकर फरार हो गया। घटना रात अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन के पास की है। शातिर ठग ने पहले कार ड्राइवर को आइसक्रीम में नशीला पदार्थ खिलाया, फिर मौका देखते ही कीया गाड़ी लेकर फरार हो गया। अंबाला कैंट के पड़ाव थाने की पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजस्थान के हनुमानगढ़ के जितेंद्र सिंह ने बताया कि उसके पास कीया गाड़ी है, जिसको वह खुदा किराए पर चलाता है। 19 जून की सुबह 9 बजे उसके पास आसीम खान की कॉल आई। आमीन खान हनुमानगढ़ जंक्शन पर टैक्सी चलाता है। उसने कहा कि नंदा होटल हनुमानगढ़ जंक्शन में साहिल कुमार नाम का व्यक्ति ठहरा हुआ है। साहिल को लुधियाना पंजाब लेकर जाना है। उसे बताया गया कि सहित एक दिन लुधियाना में ठहराने के बाद वापस पीलीबंगा (राजस्थान) आएगा। 19 जून की सुबह राजस्थान से साहिल को लेकर चला और शाम 4 बजे वह लुधियाना पहुंच गया। साहिल ने उसे कहा कि रात 11 बजे उसकी मैडम रेलवे स्टेशन अंबाला कैंट पर आएगी। उसको लेकर वापस पीलीबंगा आएंगे। 20 जून की रात 9 बजे वे अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पहुंचे। यहां उसने विशाल ढाबा के पास आईसक्रीम खाई, जिसके बाद उसे नींद आने लगी। वह अंबाला कैंट स्टेशन पर पानी पीने के लिए चला गया। जब वह वापस लौटा तो देखा कि साहिल उसकी गाड़ी लेकर फरार हो गया।

# विवाह के नाम पर दूल्हा पक्ष से नकदी व गहने ठगे

- **पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की**

**पानीपत।** पानीपत के गांव नैन निवासी पिता जगदीश व इसके पुत्र सोनू को शादी के नाम पर ठग लिया गया। सिटी थाना पुलिस को दी शिकायत में जगदीश ने बताया कि छह अप्रैल को उसके पास सुनीता पत्नी नीरज शर्मा निवासी दीनानाथ कॉलोनी का फोन आया। जिसने कहा कि वह अपनी बहन ज्योति की शादी उसके बेटे सोनू के साथ करवा देगी। वहीं उन्होंने स्वयं को गरीब होने का हवाला देकर विवाह का सारा खर्च उठाने की मांग की थी। जगदीश ने 60 हजार नकद और 20 हजार सुनीता को ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। शादी के लिए एक तोला वजनी मंगलसूत्र, आधा तोला वजनी सोने की अंगूठी, चांदी की पायजेब व चार चांदी की चुटकी बनवा दी। शादी के लिए कोर्ट के चैंबर में बुला लिया। 15 हजार के कपड़े, लहंगा, चप्पल-जूती आदि भी दिलवाई। जगदीश ने बताया कि जब वह लड़का और लड़की के शादी के दस्तावेज तैयार करवा रहा था, तो सुनीता और ज्योति कपड़े बदलने के बहाने उनका बैग लेकर वहां से चली गई। बैग में लड़के के भी सभी दस्तावेज और कैश था। काफी देर तक जब वे नहीं लौटी, तो वारदात का पता लगा। इसके बाद पिता और बेटा वहां से सुनीता के घर गए। जहां सुनीता का पति नीरज मिला। नीरज ने कहा कि सुनीता यहां नहीं रहती है। उसका उसके साथ तलाक हो रहा है। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आस्ट्रेलिया में शिक्षा दिलाने का झांसा देकर 21 लाख ठगे

**पानीपत।** पानीपत के गांव जौंधन कलां निवासी विधवा मोनिका को उसके ही रिश्तेदारों ने ठग लिया। इधर, इसराना थाना पुलिस को दी शिकायत में मोनिका ने बताया कि उसके दूर के रिश्तेदार विक्रम, निर्मला और रीनू हैं। वहीं मोनिका अपनी बेटी शालू को पढ़ाई के लिए विदेश भेजना चाहती थी। इस बारे में उसके रिश्तेदारों को ज्ञात था। इसी सिलसिले में तीन अगस्त को तीनों उससे मिले। जिन्होंने कहा कि उनके पास विदेश भेजने का लाइसेंस है। वे कानून के अनुसार पढ़ाई के लिए आस्ट्रेलिया का वीजा लगवाकर बेटी को भेज देंगे। मोनिका से आरोपियों ने कुल 21 लाख शालू को विदेश भेजने के नाम पर ले लिए। 30 दिन के भीतर वीजा लगवाने की बात कही थी। जब निर्धारित समय पर वीजा नहीं लगा, तो उनसे संपर्क किया गया। जिन्होंने बहाने बनाकर उसे टाल दिया। फिर उसके फोन उठाने बंद कर दिए। आरोपियों ने 7-7 लाख रुपए के दो चेक उसे दिए, जोकि बाउंस हो गए। महिला ने अपने तौर पर जानकारी जुटाई, तो पता लगा कि आरोपियों के पास विदेश भेजने का कोई लाइसेंस नहीं है।

# बाढ़ बचाव कार्यों पर यमुनानगर जिले में खर्च किए जा रहे हैं सौ करोड़ रुपये: कंवरपाल

हरिभूमि न्यूज:यमुनानगर


यमुनानगर के बाढ़ प्रभावित इलाके बेलगढ़ में चल रहे बाढ़ राहत कार्यों का निरीक्षण करने के दौरान अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कृषि मंत्री कंवरपाल।

- **कृषि मंत्री कंवरपाल ने बाढ़ राहत कार्यों का किया निरीक्षण**

हरियाणा के कृषि मंत्री कंवरपाल ने जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित इलाके बेलगढ़ में चल रहे बाढ़ राहत कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को बाढ़ राहत कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

कृषि मंत्री कंवरपाल ने बताया कि पूर जिले में 100 करोड़ रुपये से बाढ़ से बचाव कार्य करवाए जा रहे हैं। जिसमें से केवल 25 करोड़ रुपये के काम अकेले बेलगढ़ में ही किए जा रहे हैं। हर साल नदियों के किनारों पर पत्थर के छोटे छोटे ब्लॉक लगाए जाते थे जो पानी के तेज बहाव में बह जाते थे। मगर इस बार सीमेंट कंकरीट के बड़े बड़े ब्लॉक लगाए जा रहे हैं। इससे यह फायदा होगा कि पानी चाहे जितना ज्यादा आ जाए यह ब्लॉक भारी वजनी होने के कारण नहीं बहेंगे और आसपास कोई नुकसान नहीं होगा। कृषि मंत्री कंवरपाल ने बताया कि पिछले साल बेलगढ़ में बाढ़ के पानी ने काफी नुकसान पहुंचाया था। जिससे यहां बने मंदिर को भी खतरा पैदा हो गया था। नदी के साथ लगती पटरी का बड़ा हिस्सा पानी में समा गया था। इस बार लोकसभा चुनाव के कारण लगी आचार संहिता की वजह से बाढ़ बचाव कार्य थोड़ा प्रभावित हुआ है। लेकिन मौके पर हो रहे काम को देख कर लग रहा है कि अधिकारी बड़ी तेजी से काम करवा रहे हैं। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों कोतेजी से काम को समय पर पूरा करवाए जाने के निर्देश दिए।

वहीं, उन्होंने निर्माण कर रही एजेंसियों को कहा कि वह गुणवत्ता का ध्यान रखें। किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर सिंचाई विभाग के एसई आरएस मित्तल, एक्सईएन सुरेंद्र कुमार, गुरविंद्र दयोल, एसडीओ रविंद्र, एसडीओ रूबल गर्ग, ओंकार देवधर, बिरम लाक्कड़, सरपंच अमित कोहलीवाला, शक्ति सिंह जेलदार आदि मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप



शाहबाद। योग करती बच्ची।

### एसो. ने सीएम व स्वास्थ्य मंत्री का जताया आभार

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण गवर्नमेंट आयुर्वेदिक कॉलेज एल्युमनी एसोसिएशन के अथक प्रयासों से हरियाणा प्रदेश में 13 वर्ष बाद एवम पहली बार एक साथ 805 आयुर्वेद चिकित्साधिकारी के पद हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन द्वारा विज्ञापित किये गए हैं। पूर्व छात्र संगठन हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, स्वास्थ्य मंत्री डॉ कमल गुप्ता एवम पूर्व स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज का तहे दिल से धन्यवाद करता है।

### गांववासियों को दी गई व्यायामशालाओं की सौगात

**पिहोवा।** प्रत्येक वर्ष 21 जून को पूरा देश ही नहीं बल्कि विश्व के कई देशों में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में इसका प्रस्ताव दिया था। युनाईटेड नेशन ने इस प्रस्ताव को स्वीकार किया और दुनियाभर में प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। एसडीएम अमन कुमार शुक्रवार को अनाजमंडी पिहोवा में आयोजित 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आए लोगों को सम्बोधित कर रहे थे।

### 15 शिकायतों को रखा गया समाधान प्रकोष्ठ शिविर में

**पिहोवा।** एसडीएम अमन कुमार ने कहा कि समाधान प्रकोष्ठ शिविर में लोगों की समस्याओं के समाधान का कार्य प्रशासन द्वारा लगातार किया जा रहा है। प्रत्येक कार्य दिवस में 9 से 11 बजे तक प्रशासनिक अधिकारी आमजन की समस्याओं से रूबरू हो रहे हैं तथा उनका समाधान कर रहे हैं। एसडीएम अमन कुमार अपने कार्यालय में समाधान प्रकोष्ठ कार्यक्रम में अधिकारियों के साथ लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे। शुक्रवार को आयोजित समाधान प्रकोष्ठ शिविर में कुल 15 शिकायतों पर सुनवाई की गई।

### संस्कार भारती की बैठक आयोजित

**थानेसर।** संस्कार भारती कुरुक्षेत्र इकाई की साधारण सभा की बैठक शहर के सेक्टर 10 में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रांत प्रतिनिधि नयनिका घोष प्रांत सह प्रचार प्रसार प्रमुख ने की। सभा में पूर्व अध्यक्ष अशोक शर्मा, कोषाध्यक्ष रमन बंसल के अतिरिक्त 17 सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में 2024-25 की नई कार्यकारिणी का दायित्व सौंपा गया। नवनिर्वाचित सदस्य अशोक शर्मा को मार्गदर्शक मंडल के मार्गदर्शक के रूप में एवं अध्यक्ष पद हेतु आशीष सभरवाल, उपाध्यक्ष एवं रंगोली कल प्रमुख पंकज भारद्वाज, मंत्री डॉ संतोष देवांगन, कोषाध्यक्ष रमन बंसल, गायन प्रमुख डॉ. वीर विकास, वादन प्रमुख सूरजपाल, साहित्य कला प्रमुख डॉ पुरुषोत्तम, प्रचार प्रसार प्रमुख प्रशांत कुमार रहे।

### 5जी नेटवर्क पर आधारित एमसीआरएन का विमोचन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने शुक्रवार को 5जी नेटवर्क पर आधारित एमसीआरएन का विमोचन किया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूआईईटी) ने मोबाइल रेडियो संचार और 5जी नेटवर्क (एमआरसीएन-2023) पर चौथे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन से सम्मेलन की कार्यवाही जारी करने के साथ एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर चिह्नित किया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (नैक) द्वारा ए-प्लस-प्लस ग्रेड मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय है।

**अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योगासन करना अति आवश्यक: ममता बहन**

# जिलेभर में उत्साह के साथ मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

## खंड स्तरीय योग दिवस पर 800 योग साधकों ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

आयुष विभाग एवं हरियाणा योग आयोग द्वारा 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में अनाज मंडी इंद्री में खंड स्तरीय योग दिवस समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विधायक रामकुमार कश्यप बतौर मुख्य अतिथि एवं प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ-साथ महिला, पुरुष और बच्चों ने संयुक्त रूप से लगभग 800 योग साधकों के साथ योगाभ्यास किया।

विधायक रामकुमार कश्यप ने योग साधकों को संबोधित करते हुए योग साधकों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से 11 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 193 सदस्यों ने रिकॉर्ड 177 सह-समर्थक देशों के साथ 21 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' मनाने का संकल्प सर्वसम्मति से अनुमोदित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में 21 जून 2015 को प्रथम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया था और हर वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी आयुष विभाग एवं हरियाणा योग आयोग द्वारा दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि योग एक कला है जो हमारे शरीर, मन और आत्मा को एक साथ जोड़ता है और हमें मजबूत और शांतिपूर्ण बनाता है। योग तनाव को कम करने में मदद करता है और समग्र स्वास्थ्य को बनाए रखता है। यदि आपका शरीर स्वस्थ है तो आपके पास दुनिया की सबसे बड़ी दौलत हैं। स्वस्थ व्यक्ति ही देश और समाज का हित कर सकता है।

इस अवसर पर एसडीएम अशोक कुमार, बीडीपीओं गुरमालक सिंह, तहसीलदार गौरव, आयुष विभाग के डॉ. संजीव सिंहमार, मार्किट कमेटी के सचिव जसबीर सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी अंजु, धर्मपाल आर्य, योग शिक्षक मास्टर बलराज, विजय कांबोज, सहित खंड के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहें।



इंद्री। खंड स्तरीय योग दिवस समारोह मे योग करते योग साधक ।

### शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग करना जरूरी

**इंद्री।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर इंद्री के हर्बल पार्क में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय इंद्री व पतंजलि योग समिति इंद्री की ओर से सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया गया जिसमें इंद्री शाखा की बहनों ने सभी योग साधकों को योग कराया और योग के महत्व के बारे में उन्होंने प्रकाश डाला। बहन ममता व बहन रजनी ने योग साधकों को कहा कि हमें अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योगासन प्राणायाम करने अति आवश्यक हैं तथा अपने मानसिक तनाव करने के लिए हमें मेडिटेशन करना भी बहुत जरूरी है। क्योंकि हम दिनभर कार्य करते रहे है हमें मानसिक तनाव हो जाता है जिसको दूर करने के लिए मेडिटेशन की एक ऐसी क्रिया है जिसके माध्यम से हम उसे तनाव को बिल्कुल खत्म कर सकते हैं। हमें सदा हंसते मुस्कुराते रहना चाहिए योग हमारी प्राचीन पद्धति है जो हमारे ऋषि मुनियों ने इसे ईजाद किया था और आज भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में योग का परचम लहराया हुआ है। हल्के-हल्के व्यायाम करके हम अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज हमें संकल्प लेना चाहिए की अपने घर के बनाए गए ही उत्पाद हम प्रयोग करें। बाहरी खानपान ना करें घर का बना हुआ ही शुद्ध खाना होता है खास करके हमे फास्टफुड से अवश्य बचना चाहिए और अपने ही बच्चों के अंदर भी ऐसे संस्कार पैदा करें कि वह भी योग को अपना करके जो हमारी भारतीय संस्कृति है उसको अपनाए तथा देश की एकता व अखंडता के लिए कार्य करें। इस अवसर पर योग शिक्षक नरेश भाटिया, दीपा भाटिया, संजय कुमार, रघुवीर बत्तान, समय सिंह, सुषमा देवी, शोभा रानी, राजरानी, ममता देवी, संदीप वर्मा, अनिल वर्मा, मुकेश वर्मा व जयप्रकाश बंसल आदि काफी संख्या में योग साधक मजबूत रहे।



इंद्री। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर इंद्री के हर्बल पार्क इंद्री मे उपस्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय इंद्री के सदस्य । *फोटो: हरिभूमि*



तरावड़ी। स्कूल के बच्चें योग शिविर मे भाग लेते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### एस.एम.एस.पब्लिक स्कूल मे मनाया गया योग दिवस

**तरावड़ी।** शुक्रवार को एस.एम.एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल तरावड़ी में अंतर्राष्ट्रीय योग शिविर का आयोजन विद्यालय के प्रांगण में किया गया। जिसमें विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाओं विद्यार्थियों ने बढ़ चढकर भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन बच्चों को योग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ऊं व गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ हुई। विद्यालय के प्रबंधक सरदार गुरशरण सिंह ग्रेवाल ने योग दिवस के महत्व को दर्शाते हुए कहा कि -योग हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। जिससे हमारा शरीर स्वस्थ रहता है।शरीर, मन और आत्मा को हर स्तर पर स्वस्थ रहने के लिए योग का विशेष महत्व है। ऐसी कई विधियाँ हैं, जिनका नियमित अभ्यास करके व्यक्ति पूरी तरह स्वस्थ एवं निरोगी बने रह सकता है। इसे ग्रीष्म संक्रांति भी कहते हैं, इसके बाद सूर्य धीरे-धीरे दक्षिणायन होने लगता है. इस दिन को योग और अध्यात्म के लिए बेहद खास माना जाता है. यही वजह है कि 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का फैसला लिया गया। कार्यक्रम का संचालन योग शिक्षक संजय के द्वारा किया गया। विभिन्न आसनों अनुलोम विलोम, सूर्य नमस्कार, हस्तोत्तानासन,भुजंगासन, पद्मासन आदि आसनों का अभ्यास छात्र-छात्राओं और शिक्षक शिक्षिकाओं ने किया। विद्यालय के प्राचार्या डॉ विभा कौशिक ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि-भारत के लिए ये दिन बेहद खास है. योग भारत की संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है। भारत समेत दुनियाभर के तमाम देशों में योग के महत्व को समझाने के लिए हर साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है,यह व्यक्तिगत और सामूहिक स्वास्थ्य के परस्पर संबंध को रेखांकित करता है।



तरावड़ी। संस्था के सदस्य पूर्णमासी के अवसर पर प्रसाद वितरित करते हुए।

## शिव कावड़ संघ द्वारा किया मीठे चावलों का प्रसाद वितरित

**तरावड़ी।** पूर्णिमा के अवसर पर तरावड़ी के मेन बाजार करनाली गेट पर स्थित माँ दुर्गा मंदिर के निकट शिव कावड़ संघ द्वारा मीठे चावलों का प्रसाद वितरण किया गया। शिव कांवड़ संघ के प्रधान बलदेव गिरधर व हंसराज पाहुजा ने बताया शिव कांवड़ संघ द्वारा हर माह की तरह इस माह भी पूर्णिमा के अवसर पर मीठे चावलों का प्रसाद सभी भक्तों को वितरित किया जा रहा है, पुनीत कार्य है। इस दौरान समाजसेवी रंजीत भारद्वाज व सतीश ककड़ ने प्रसाद वितरित करते हुए कहा कि शिव कावड़ संघ द्वारा हर माह की पूर्णमासी को मीठे चावलो का प्रसाद वितरित किया जाता है उन्होंने कहा कि समाज मे सभी को समाजिक व धार्मिक कार्यों में बढ़ चढ़ भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर रमेश नारंग,बलदेव गिरधर, जसपाल रंगीला, हंसराज पाहुजा,सन्नी सचदेवा, अनिल चावला,अमर चावला,रंजीत भारद्वाज, सतीश कक्कड,राम किशन कामरा,मीत सरदाना,संदीप पसरीचा, रामकुमार सिंगला,सहित अन्य समाजसेवी मौजूद रहे।

# भारत विकास परिषद ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर लगाया शिविर

- शहर के पुरुष व महिलाओं ने काफी संख्या मे भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

भारत विकास परिषद शाखा तरावड़ी द्वारा अंजनथली रोड पर इको सिटी में 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में निशुल्क योग शिविर लगाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता योगाचार्य मनोज कामरा ने की। इस अवसर पर कार्यक्रम के रूप में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक भगवान दास कबीरपंथी एवं परिषद संरक्षक, उद्योगपति पंकज गोयल ने कार्यक्रम मे शिरकत की। इस अवसर पर शिविर ने मुख्य योग प्रशिक्षक मनोज कामरा ने योग साधकों को योग आसन और ओम नाम का जाप करवाया। इसके अलावा शिविर में साधकों को मोटापा कम करने, बीपी, शुगर को कम करने के लिए टिप दिये गए। इस अवसर पर पूर्व विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने कहा कि योग कोई नया विषय नहीं है बल्कि यह प्राचीन काल से चला आ रहा है योग हमारे ऋषि मुनियों ने की देन है लेकिन आज लोग इस योग को भूल चुके हैं इसका पुन जीवित करने का श्रेय स्वामी रामदेव को जाता है। उन्होंने कहा कि आजकल व्यक्ति अपनी अनियमित दिनचर्या व फास्ट फूड के खानपान के कारण बीमारियों से ग्रस्त होता जा रहा है। इसलिए स्वस्थ रहने के लिए हमें योग का सहारा लेना पड़ेगा जो लोग अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए योग करते हैं वह स्वस्थ रहते है। उद्योगपति पंकज गोयल ने साधकों संबोधित करते कहा योग शरीर व दिमाग को संतुलित व स्वस्थ रखने का सबसे सुरक्षित माध्यम है। हमे सबको अपने आपको फिट रखने के लिये योग अति आवश्यक है। परिषद के अध्यक्ष योगेश मिड्ढा ने सभी को योग के महत्व के बारे में विभिन्न योगासन एवं योग प्रणाम की जानकारी दी। उन्होंने कहा स्वास्थ्य सफल जीवन की नींव है इसलिए अपनी दिनचर्या में योग को अवश्य शामिल करें जिससे हम सुखदाई जीवन जी सकें। उन्होंने कहा योग मानव जीवन के लिए बहुत महत्व रखता है नियमित योग से अभ्यास से मनुष्य के अंदर शारीरिक व मानसिक दोनों तरह का विकास होता है योग हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है इसे एक दिन नहीं बल्कि हर दिन प्रतिदिन नियमित रूप से करना चाहिए। योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है योग अपने दैनिक क्रिया में शामिल करें।



तरावड़ी। योग शिविर में भाग लेते हुये साधक। *फोटो: हरिभूमि*



तरावड़ी। योग साधकों को सम्मानित करते हुए परिषद के सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

# शरीर व मन की शांति को योगासन जरूरी: मेयर रेनू गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घरौंडा की नई अनाज मंडी में सुबह धूमधाम से मनाया गया। योग दिवस में करनाल मेयर रेनू गुप्ता व एसडीएम घरौंडा राजेश सोनी ने विशेष तौर पर मंडी में पहुंचकर योग करते हुए योग शिविर में आए हुए सभी कर्मचारियों अधिकारियों व स्कूली बच्चों को योग के बारे में बताया।

एसडीएम घरौंडा राजेश सोनी ने कहा कि आज दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है। जो भारत में ही नहीं दूसरे देशों में भी मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत शुरू से ही ऋषि मुनियों का देश रहा है। और पुराने समय में ऋषि मुनि सुबह 3:00 बजे से पहले उठ कर योग इत्यादि किया करते थे जिसके कारण ही उनके शरीर हस्ट पुस्ट रहते थे और हमारे पूर्वज की भी देसी तरीके से खेतों में हल इत्यादि चलाकर या अन्य कोई मेहनत का कार्य कर अपने शरीर को स्वस्थ रखते थे जो एक योग का ही हिस्सा था। पुराने इतिहास से पता चलता है कि भारत सदियों से योग गुरु रहा है। और जिस प्रकार से अब योग को महत्व दिया जाना लगेगा उसको लेकर एक आम आदमी योग करके तंदुरुस्त रह सकता है। मेयर रेनू गुप्ता ने अनाज मंडी में योग शाला में पहुंचकर आए हुए सभी लोगो को योग की बधाई देते हुए उन्हें अपने जीवन में योग को अपनाने की सलाह दी।





घरौंडा। अनाज मंडी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग करते एसडीएम घरौंडा व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

## राजकीय महिला महाविद्यालय बसताड़ा में लगाया योग शिविर

**घरौंडा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजकीय महिला महाविद्यालय बसताड़ा में योग क्लब व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावाधान में व प्राचार्य डॉक्टर महेन्द्र सिंह बागी के कुशल नेतृत्व में 21 जून को योग दिवस का आयोजन किया गया। योगाचार्य श्री दर्शन लाल योगी के दिशा निर्देशन में महाविद्यालय के शिक्षकों व छात्राओं ने सूक्ष्म योगासन व प्राणायाम का अभ्यास किया। दर्शन जी ने आसन करवाते समय आसनों से होने वाले लाभ बताए व यह भी बताया कि हम निरंतर अभ्यास से किन-किन बीमारियों से बच सकते हैं। प्राचार्य डॉक्टर महेन्द्र सिंह बागी जी नें संदेश दिया कि योग व्यायाम का एक ऐसा प्रभावशाली प्रकार है जिसके माध्यम से शरीर के अंगों का ही नही बल्कि इससे मन, मस्तिष्क और आत्मा में संतुलन बनाया जाता है। आजकल के प्रदूषित पर्यावरण और दूषित खानपान के कारण स्वास्थ्य को सुरक्षित रखना बहुत ही कठिन होता जा रहा है। नित प्रतिदिन मानव के शरीर में नई-नई बीमारियां जन्म ले रही हैं। मंहगी दवाइयां और मंहगे इलाज से बचने का एक ही माध्यम है केवल योग। योग तनाव से भी राहत देता है और बेहतर नींद लाता है, भूख और पाचन को बढ़ाता है। यदि हम योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करते हैं तो सभी तनाव मुक्त जीवन जी सकते है। कार्यक्रम में योग दिवस पर मुख्य रूप से श्रीमती अनुराधा एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी, श्रीमती पूजा,श्रीमती रचना,श्रीमती रेनु,श्री पवन कुमार, डॉ मीतू चावला व डा.श्रुति, डा विक्रम संदीप , सुखराज, नीरज, सन्नी, सुमित, राजकुमार व अंकित उपस्थित रहे।



तरावड़ी। राजकीय आदर्श विद्यालय मे बच्चें योग शिविर मे भाग लेते हुए।

### राजकीय आदर्श विद्यालय तरावड़ी में मया योग दिवस

**तरावड़ी।** राजकीय आदर्श विद्यालय तरावड़ी में दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में योग प्रोटोकॉल कार्यक्रम के अंतर्गत 10 जून से 12 जून तक प्रातः 6:00 बजे से 7:30 बजे तक विद्यार्थियों को योग का अभ्यास करवाया गया। 19 जून को रिहर्सल करवाई गई। प्रातः 7:00 बजे से 8:00 बजे तक 21 जून को विद्यालय में 7:00 बजे से 8:00 बजे तक योग करवाया गया। योग इंचार्ज मीना राणा ने बताया कि हर व्यक्ति को योग में हिस्सा लेना चाहिए। स्कूल के प्रांगण में सूक्ष्म व्यायाम विभिन्न आसनों का अभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य पवन कुमार ने बच्चों को योग के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि योग तनाव से राहत देता है, नींद लाता है भूख और पाचन को बढ़ाता है बीमारियों को दूर भागता है निरोगी काया रचनात्मक का विकास मानसिक शांति के अलावा नशा मुक्त, सोच उत्तम शारीरिक क्षमता का विकास योग से ही संभव है। योग का समापन शांति पाठ के साथ किया गया। इस अवसर पर नवीन, श्रीमती रनजोत, संदीप चावला, मनीष कुमार, कमल , मोनिका, भूपेश दिनेश , श्रीमती शारदा रेनू आदि रहे।

**प्रदेश-भर के सिख समुदाय से जुड़े गणमान्य करेंगे शिरकत**

# सिख महापंचायत में उठाए जाएंगे गंभीर विषय

- प्रबंधक कमेटी की कार्यप्रणाली को लेकर सिख समुदाय में पनप रहा रोष
- सिख समुदाय के लोगों ने की बैठक को दिया अंतिम रूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

सिख समुदाय से जुड़े गणमान्य लोगों की एक बैठक का आयोजन तरावड़ी में किया गया। जिसमें काफी संख्या में सिख समुदाय से जुड़े लोगों ने हिस्सा लिया। बैठक में हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी की कार्यकारिणी द्वारा वैद्यानिक जिम्मेदारियों को निभाने में पूर्णतया असफल रहने के कारण चिंता एवं रोष जाहिर किया गया। बैठक के दौरान भूपेंद्र सिंह लाडी ने कहा कि हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी की अवधि 31 मई 2024 को समाप्त हो गई है, बावजूद इसके एक दिसम्बर 2022 से बनी हरियाणा गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी बिना किसी कायिदे कानून के सर्विस रूलस व बजट अनुमानों के अपनी मनमर्जी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कमेटी की अवधि बढ़ाए बिना ही यह कमेटी मनमर्जी तरीके से कार्य कर रही है। बैठक में मौजूद लोगों ने यह भी कहा कि यह कमेटी जुलाई 2014 में कांग्रेस के कार्यकाल में हुड्डा सरकार द्वारा गठित की गई थी ओर अब हरियाणा प्रदेश में भाजपा की सरकार है, जो इस कमेटी को अस्तित्व में नही रहने देना चाहती। बैठक में मौजूद सभी सदस्यों द्वारा यह निर्णय लिया गया कि इन सभी मुद्दों को लेकर 23 जून को तरावड़ी के गुरूद्वारा शीशगंज साहिब नौंवी पातशाही में समूह सिखों की बड़ी बैठक का आयोजन होगा, जिसमें पूरे प्रदेश से जुड़े सिख समुदाय से लोगों को आमंत्रित किया गया है। आयोजित होने वाली सिख महापंचायत में विचार-विमर्श के लिए कई लोग हिस्सा लेंगे। बैठक की अध्यक्षता गांव सौंकड़ा के सरपंच प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह लाडी करेंगे। इस अवसर पर स. सुखविंद्र सिंह चट्टा, अशोक सिंह, करतार सिंह, बलबीर सिंह, वरिंद्र शंटी नीलोखेड़ी, अवतार सिंह बोड़शाम, लखविंद्र सिंह रमाणा, मनजीत सिंह खारा समेत कई लोग मौजूद रहे।



तरावड़ी। 23 जून को आयोजित होने वाली बैठक की जानकारी देते सरपंच प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह लाडी। *फोटो: हरिभूमि*

## खबर संक्षेप

### एसडी पीजी कालेज में विद्यार्थियों ने योग किया

**पानीपत।** एसडी पीजी कालेज की एनएसएस इकाइयों द्वारा 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मानव तंदुरुस्ती और कल्याण के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डा. अनुपम अरोड़ा, एनएसएस अधिकारी डा. राकेश गर्ग, प्रो. प्रवीण खेरडे, डा. मुकेश पुनिया, डा. एसके वर्मा, प्रो. संजय चोपड़ा, प्रो. सतीश अरोड़ा, दीपक मित्तल, चिराग सिंगला आदि ने योग प्रशिक्षण का लाभ उठाया।

### अध्यापिकाओं व छात्राओं ने योग किया

**पानीपत।** चौधरी देवीलाल मेमोरियल कन्या पीजी महाविद्यालय गांव सिवाह, पानीपत में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर वूमेन सेल एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में योग दिवस अध्यापिकाओं व छात्राओं ने योग किया। इस अवसर पर प्रो पूनम कादियान, वूमेन सेल इंचार्ज प्रो प्रियंका प्रिंसिपल डाक्टर सुमनलता आदि उपस्थित रहे।

### मंत्री ने खेलों का सामान बांटा

**पानीपत।** हरियाणा के विकास पंचायत एवं सहकारिता मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि हरियाणा के खिलाडियों की पूरी दुनिया में धूम है। वहीं उन्होंने शुक्रवार को शिवाजी स्टेडियम में 27 ग्राम पंचायतों व वार्ड 26 को प्रोविजन ऑफ स्पोर्टस इक्यूपमेंट स्कीम 2023-24 के तहत विभिन्न आठ खेलों का सामान वितरित कर रहे थे। इस मौके पर उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया, सीटीएम टीनू पोसवाल, जिला खेल अधिकारी सत्येंद्र आदि उपस्थित रहे।

### जल संरक्षण को जागरूक किया

**पानीपत।** हरियाणा तालाब प्राधिकरण पंचकूला की ओर से अमृत सरोवरों के प्रति आम व्यक्ति को जागरूक करने को लेकर जिले के गांव सिवाह व गोयला खेड़ा में कुरूक्षेत्र से पहुंची टीम ने नुक्कड नाटक के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण व तालाबों की साफ सफाई रखने को लेकर जागरूक किया। इस अवसर पर प्राधिकरण के जेई आशुतोष व भारत कौशल, सहायक प्रबंधक आशुतोष बंसल, पंचायती राज के जेई सुनील व उपमंडल अधिकारी परमजीत व ग्रामवासी मौजूद रहे।

### दो अधिकारियों की हुई कहासुनी

**इसराना।** योग दिवस पर इसराना ब्लाक के कृषि अधिकारी समशोर सिंह मलिक ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी विवेक कुमार के बीच कुछ चुनिंदा लोगों को ही टी-शर्ट और केले बांटे जाने को लेकर कहासुनी हुई। वहीं दोनों पखों ने एक दूसरे की शिकायत एसडीएम इसराना ज्योति मित्तल से की। वहीं ज्योति ने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में है। दोनों पक्षों को उन्होंने अपने कार्यालय में तलब किया है।

### सीआईए टू पुलिस टीम ने दो चोर पकड़े

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने घरों से गैस सिलेंडर चोरी करने वाले दो आरोपियों आदेश पुत्र कृपाल निवासी धमीजा कॉलोनी व मांगेराम पुत्र सतपाल निवासी जसबीर कॉलोनी को नूरवाला अड्डा से गिरफ्तार किया। आरोपियों से चोरी की तीन वारदातों का खुलासा हुआ। सीआईए टू प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि चोरी की उक्त वारदात बारे थाना सेक्टर 13/17 में दिनेश पुत्र रूपचंद निवासी सेक्टर 13/17 की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

### स्नेचिंग के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने संजय चौक के पास युवक से मारपीट कर मोबाइल फोन व नगदी छिनने की वारदात में फरार चल रहे दूसरे आरोपी अब्दुल उर्फ कादियान निवासी जेजे कालोनी, बवाना, दिल्ली को स्काई लार्क के नजदीक फ्लाई ओवर पुल के नीचे से गिरफ्तार किया।

### मंत्री ने चार कमरे छात्रों को समर्पित किए

**पानीपत।** मंत्री असीम गोयल ने शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खंडरा में आयोजित कार्यक्रम में चार नवनिर्मित कमरों को विद्यार्थियों को समर्पित किया।

---

सहकारिता मंत्री ने जोशी गांव की योग एवं व्यायामशाला का शिलान्यास किया

# भारत ने दुनिया को स्वस्थ्य रहने के लिए योग की सौगात दीः ढांडा

योग विद्या भारत के ऋषि-मुनियों की अमूल्य धरोहर है, अनादिकाल से परम्परा द्वारा योग चला आ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** विश्व योग दिवस पर मंत्री महीपाल ढांडा व प्रशासनिक अधिकारी आदि योग करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा के विकास,पंचायत एवं सहकारिता मंत्री महीपाल ढांडा ने स्थानीय शिवाजी स्टेडियम में शुक्रवार को 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि योग साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि योग विद्या भारत के ऋषि-मुनियों की अमूल्य धरोहर है। अनादिकाल से परम्परा द्वारा योग चला आ रहा है। सभी श्रुति-स्मृतियां योग की महिमा का वर्णन कर रही है और इसका वर्णन वेद, उपनिषद्, पुराण एवं गीता आदि ग्रन्थों में किया गया है। योग का अर्थ समाधि है और इस विषय में सब एकमत है तथा समाधि से एक कर्मक्षेत्र तक, योग का व्यापक वर्णन हमारे शास्त्रों में विद्यमान भी है। योग सभी सम्प्रदायों और मत मतान्तरों में निर्विवाद सार्वभौम स्वीकार्य है।

योग दिवस की शुरूआत उन्होंने दीप प्रज्जवलित की व इस मौके पर गांव जोशी में बनाई जाने वाली योग एवं व्यायामशाला का शिलान्यास किया।

इधर, उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया ने कहा कि हर नागरिक को स्वस्थ्य रहने के लिए योग को अपना चाहिए। इस अवसर पर मंत्री ढांडा ने कुश्ती खिलाड़ी सीमा बिसला, पूजा गहलावत, हैंडबाल खिलाड़ी शीतल, एथलेटिक्स खिलाड़ी सुषमा व जूडो खिलाड़ी प्रमोद कुमार को सम्मानित किया।

### ब्रह्माकुमारीज ने योग किया

**पानीपत।** हुडा सेक्टर-25 स्थित ब्रह्माकुमारीज, सद्भावना सोसाइटी, श्री कृष्णा सोसाइटी, महर्षि दयानंद सोसाइटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग किया गया। वहीं सेक्टर-25 सेंटर संचालिका बीके अंजना बहन ने योग करने के महत्व की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर बीके शुभम बहन, सुनील बत्रा, सचिन जैन, अंकित कुमार, अमन मित्तल, सतबीर चहल, सुभाष, हरबीर, गुलशन कुमार, सत्य प्रकाश, रविंद्र नांदल, राजेंद्र, पृथ्वी, सोनिया, ज्योति, अंजू, संध्या, सुमन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### कोर्ट में योग दिवस मनाया

**पानीपत।** पानीपत जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरपर्सन सुदेश कुमार शर्मा के निदेर्शानुसार, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश आर. के मेहता की देखरेख में जिला न्यायिक परिसर में विश्व योग दिवस मनाया गया। वहीं, न्यायिक परिसर सब डिवीजन, समालखा में भी न्यायिक अधिकारी एवं कोर्ट स्टाफ ने मिलकर योग दिवस मनाया।

### मानव के लिए लाभकारी है योग

**पानीपत।** स्वास्थ्य, सद्भाव एवं शांति को बढ़ावा देने व आपसी भाईचारे को और मजबूत करने के लिए पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स ने 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को विषय स्वयं और समाज के लिए योग पर मनाया। इस अवसर पर आज सुबह रिफाइनरी टाउनशिप के सामुदायिक केंद्र में पीआरपीसी के कर्मचारीगण एवं अधिकारीगण अपने परिवार के सदस्यों के साथ योग किया।

## योग से छात्र को आसानी से मिल जाती है मंजिलः तायल

- प्राणायाम व योग मुद्राओं का अभ्यास कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| !!!



**पानीपत।** पाइट में विद्यार्थीगण अपने अध्यापकों व अतिथियों के साथ। *फोटो : हरिभूमि*

पाइट कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया चेयरमैन हरिओम तायल ने सरस्वती पूजन के साथ योग दिवस का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि हमें रोजाना योग करना चाहिए। योग करने से मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ होते हैं। भारत ने पूरी दुनिया को दिशा दिखाई है। आज पूरी दुनिया योग कर रही है। अपने बच्चों को योग कराना सिखाएं। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी योग करते है वे स्वस्थ्य रहते है। योग शिक्षक रवींद्र नांदल व राजेश गोयल ने योगासनों के बारे में बताया। प्राणायाम व योग मुद्राओं का अभ्यास कराया।

इस अवसर पर खेल अधिकारी डॉ. बजरंग राणा, चीफ वार्डन डॉ. अंकुर सभ्रवाल, डॉ. देवेंद्र प्रसाद व कॉलेज हॉस्टल के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों को कॉलेज के चेयरमैन ने प्रमाण पत्र दिए।

### विश्व जागृति मिशन ने योग किया

**पानीपत।** विश्व जागृति मिशन पानीपत मंडल द्वारा सिद्ध बाबा श्री काशी गिरी मंदिर में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में योग शिक्षक अशोक अरोड़ा एवं उनकी टीम ने योग करवाए। इस अवसर पर राम नारायण रावल, डॉ. जगजीत आहूजा व काशी गिरी मंदिर के प्रधान हरीश खुराना, इंद्र चुघ, पंडित हुक्म चंद शास्त्री, गिरीश अरोड़ा, मदन लाल खट्टर, हरीश नागपाल, रमेश आर्य आदि उपस्थित रहे।



पानीपत के गांव बुआना लाखू में पहलवान योग करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### पहलवानों ने योग कर स्वस्थ्य रहने का संदेश दिया

**पानीपत।** पानीपत के गांव बुआना लाखू में शुक्रवार को 10वें अंतराष्ट्रीय दिवस पर कुश्ती कोच नरेंद्र मलिक व आकाश मलिक ने पहलवानों को योग करवाया व शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए योग की महत्ता बताई। नरेंद्र व आकाश ने कहा कि योग जीवन मे जरूरी है। हमें समय निकाल कर योग का नियमित अभ्यास करना चाहिये और प्रकृति के साथ जुडना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग का नियमित अभ्यास से शरीर का गंभीर हो या सामान्य हर तरह के रोग से बचाव होता है। वहीं शरी की इम्युनिटी बढती है। उन्होंने बताया कि योग के नियमित अभ्यास से तनाव की समस्या से काफी हद तक निजात मिलती है। शरीर के समन्वय व एकाग्रता में सुधार होता है। योगाभ्यास से वजन में कमी आती है। योग का नियमित रूप अभ्यास करने वाले को योग के असंख्य लाभ प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि निरंतर योग करने से पहलवानों के खेल पर निखार आता है।



**पानीपत।** विश्व योग दिवस पर चार्टर्ड अकाउंटेंट्स योग करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### आईसीएआई ने दुनिया भर में मनाया योग दिवस

**पानीपत।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की उत्तरीय भारतीय क्षेत्रीय परिषद की पानीपत शाखा द्वारा 10वें विश्व योग दिवस के अवसर पर शाखा के प्रधान सीए जगदीश धमीजा की अध्यक्षता में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीए जगदीश धमीजा ने बताया कि सीए इंस्टिट्यूट के द्वारा योग दिवस का कार्यक्रम बहुत ही बड़े पैमाने पर मनाया जाता है। इंस्टिट्यूट की भारत में 170 शाखाएं और विदेशो में 47 चैप्टर है जिसमे आज योग दिवस को मनाया जा रहा है। सभी उपस्थित सदस्यों को सबसे पहले इंस्टिट्यूट के प्रेजिडेंट और वाईस प्रेजिडेंट ने ऑनलाइन सम्बोधित किया और जीवन में योग के महत्व के बारे में बताया। उसके बाद योग विशेषज्ञ दीपिका सिंगला व संजय वधवा ने योग प्रोटोकॉल के तहत सभी आसन करवाए और सबका महत्व भी बताया। जबकि मैनेजमेंट कमेटी के अन्य सदस्य सीए भूपिंद्र दीक्षित, सीए रविंद्र सिंह, सीए मितेश मल्होत्रा ने आए हुए अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।

### निरोगी रहने का संदेश दिया

**पानीपत।** भारतीय योग संस्थान जिला श्री गुरु तेग बहादुर साहब मॉडल टाउन द्वारा 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सद्भावना पार्क में मनाया गया। कार्यक्रम में डिप्टी सीएमओ डॉ. ललित वर्मा, जिला प्रधान स. गुरदीप सिंह, लोकेश नांगरू, जोगिंदर सिंह चावला, मदन नारंग, रोटरी क्लब के प्रधान हन्नी बजाज, बब्बर, कीमती गखखड़, रेनु गुलाटी, राजीव गुलाटी, प्रेमलता नवीन, रामेश्वर दयाल, निर्मल, मीनाक्षी, किरण, कौशल, पवन, वंदना, हरीश छाबड़ा, संदीप ग्रोवर, आरती परुथी आदि ने योग किया।

### अध्यापकों ने योग किया

**पानीपत।** आईबी पीजी महाविद्यालय में एनएसएस यूनिट, एनसीसी यूनिट और योग क्लब द्वारा 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल के अनुसार मनाया गया। वहीं, योग दिवस पर प्राचार्य डा. अजय कुमार गर्ग, डा. सुनीत शर्मा, प्रो.राजेश बाला, डा. नीतू, रेखा, एनएसएस यूनिट के संयोजक डॉ जोगेश, एनसीसी यूनिट के संयोजक लेफ्टिनेंट राजेश कुमार, डॉ नीतू आदि ने योग किया।




**पानीपत।** पीसीसी एकेडमी के डायरेक्टर डॉ. राजीव परुथी, विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## अधूरे ज्ञान के चलते ठगी का शिकार होते हैं नागरिक

**पानीपत।** पानीपत के मॉडल टाउन स्थित पीसीसी एकैडमी में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य अपने उच्च स्तर की शिक्षा लेने के लिए विदेश जाने को लेकर रहा। पीसीसी एकेडमी के निदेशक डा. राजीव परुथी ने कहा कि आज कल हरियाणा के युवा ज्यादातर उच्च स्तर की शिक्षा प्राप्त करके विदेश जा रहे हैं जबकि उनको उचित जानकारी न होने की वजह से वह किसी न किसी एजेंट के चक्कर में फं सकर अपने पिता की सारी पूंजी फंसा कर बैठ जाते हैं। फिर वह पुलिस प्रशासन का सहारा लेते हैं सही ज्ञान का न होने के कारण उसे मुसीबत का सामना करना पड़ता है। डा. राजीव ने कहा कि हर बच्चे को सोच समझकर निर्णय लेना चाहिए। बिना अंग्रेजी भाषा के विदेश में मुसीबत का सामना करना पड़ता है यदि आप ज्ञान नहीं रखते हैं तो यहां के लोग भी आपका बेवकूफ बनाते है। बेवकूफ बनाकर आपकी जेब से पैसे निकलवा लेते हैं। डा.परुथी ने पानीपत के लोगों को अपील की कि विदेश जाने से पहले सही जानकारी लेना बहुत जरूरी है। गांव के बच्चे जब शहर में आते हैं तो शहर के लोग उन्हें सही ज्ञान न देकर उनका समय व्यर्थ करते है। सेमिनार में मनीषा, पलक, अंजलि, सिमरन, संजना गरिमा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## खाद्य व आपूर्ति विभाग के चार इंस्पेक्टर सस्पेंड

- तीन इंस्पेक्टर पानीपत व एक करनाल में नियुक्त, निर्धनों का राशन डकारने का आरोप

**पानीपत।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय ने पानीपत में गरीबों का लाखों रुपए का राशन हड़पने वाले डिपो होल्डर्स को शह देने वाले चार इंस्पेक्टर को पद से निलंबित कर दिया है। इनमें इंस्पेक्टर सुरेंद्र सैनी, प्रवीन, अमित दहिया और बिजेंद्र शामिल है। इनमें से सुरेंद्र सैनी, प्रवीण व अमित दहिया, पानीपत में तैनात है। जबकि बिजेंद्र सिंह करनाल में सेवारत है। निदेशालय की इस बड़ी कार्रवाई के बाद विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। स्मरणीय है कि पानीपत के खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक ने अपने विभाग के इंस्पेक्टर सुरेंद्र सैनी, प्रोग्रामर सृजन भारती और तीन डिपो होल्डर अनिल, ललिता और उमेश पर करीब 20 लाख से ज्यादा का राशन गबन करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने उनकी पिछले चार सालों के रिकॉर्ड की जांच कराने की मुख्यालय से अपील की थी। इसी जांच में ये खुलासा हुआ कि इन्हीं डिपो होल्डर के साथ ये चारों इंस्पेक्टर संलिप्त हैं। वहीं, गांधी कालोनी अग्रवाल मंडी के अंकित ने अप्रैल में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय में शिकायत देकर विभाग के इंस्पेक्टर, प्रोग्रामर द्वारा तीन डिपोधारकों के साथ मिलकर राशन में गबन के आरोप लगाए थे। उसने आरोप लगाया था कि तीन डिपोधारकों ने पांच अन्य डिपो की सप्लाई अटैच कराकर इसी वर्ष जनवरी, फरवरी और मार्च में जारी राशन स्टाक को गलती से पुराने स्टाक में दर्ज बताकर पीओएस मशीन से अपने फिंगर प्रिंट से इंस्पेक्शन कर स्टाक में से 3 लाख 26 हजार 665 किलो 700 ग्राम गेहूं, 43,884 किलोग्राम बाजरा, 2002 लीटर सरसों का तेल व 1003 किलोग्राम चीनी को शून्य कर दिया गया। इसके अलावा उसने वर्ष 2021- 22, 23 में भी उक्त डिपो धारकों द्वारा कांफेड से जारी बिल, स्टाक को पीओएस मशीन में रिसीव न करके 1,47,505 किलोग्राम गेहूं, 9,631 किलो 800 ग्राम बाजरा, 11, 961 लीटर सरसों का तेल, 4,020 किलोग्राम चीनी व 1132 किलोग्राम नमक के गबन करने के आरोप लगाए थे। इसमें अभी तक डिपोधारकों से कोई रिकवरी या स्टाक के बारे में नोटिस तक जारी नहीं किया गया। दूसरी ओर, अंकित मित्तल की ओर से की गई शिकायत में राशन वितरण में गबन करने के आरोपों के बाद निदेशालय ने मामले में जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक से रिपोर्ट तलब की थी। रिपोर्ट के मुताबिक, उमेश डिपोधारक व उससे अटैच राशन सप्लाई संतोष की पीओएस मशीन से अतिरिक्त 17,315 किलोग्राम बाजरा, 1,786 लीटर सरसों तेल, 1009 किलोग्राम चीनी, 37,628 किलोग्राम गेहूं राशन स्टाक का गबन सामने आया। ये एनएफएसए व पीएमजीकेएवाई स्कीम के तहत था। जबकि ललिता डिपोधारक व उससे अटैच राशन सप्लाई में सुरेंद्र व पुनीत की पीओएस मशीन से अतिरिक्त 13034.7 किलोग्राम बाजरा, 200 किलोग्राम चीनी, 13,344 किलोग्राम गेहूं, सरसों तेल 280 लीटर का गबन किया गया। जबकि 6,339 किलोग्राम बाजरा एक मशीन आइडी में इंद्राज किया मिला। वहीं, अनिल डिपोधारक व उससे अटैच जोगिंदर व नंदकिशोर की पीओएस मशीन में राशन स्टाक से 15,907.4 किलोग्राम बाजरा, 6,429.3 किलोग्राम गेहूं, 258 किलोग्राम चीनी, 1986 लीटर सरसों तेल स्टाक का गबन किया गया। वहीं 1201 किलोग्राम गेहूं, 4831 किलोग्राम बाजरा, 257 किलो चीनी पाश मशीन में दर्ज किया मिला। इधर, पानीपत जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक ने इंस्पेक्टर सुरेंद्र सैनी, प्रवीन, अमित दहिया और बिजेंद्र को पद से निलंबित किए जाने की पुष्टी की है।

## भारत में बढ़ रहे हैं आर्थराइटिस के रोग

**पानीपत।** मेरिल ने, नी रिप्लेसमेंट रोबॉट मीसो को लॉन्च करके भारत के मेडिकल टेक्नोलॉजी सेक्टर में एक ऐतिहासिक कामयाबी हासिल की है। वहीं, मेरिल के हेड ऑफ मार्केटिंग, इंडिया एंड ग्लोबल मनीष देशमुख ने कहा, मेरिल को मिसो की लॉन्चिंग करते हुए खुशी हो रही है। इसमें भारत में रोबोटिक तरीके से घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी की व्यवस्था को लोकतांत्रिक बनाने की क्षमता है। पिछले 20-25 साल में ऑस्टियोआर्थराइटिस के प्रति संवेदनशील लोगों की संख्या करीब 2.3 करोड़ से बढ़कर 6.2 करोड़ पर पहुंच गई है। घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी की वास्तविक आवश्यकता और घुटना प्रत्यारोपण के लिए होने वाली कुल सर्जरी के बीच के अंतर को पाटने में रोबोटिक सर्जरी से मदद मिल सकती है।

### क्रिकेट मैच खेल कर दिया नशा मुक्ति का संदेश

**पानीपत।** पानीपत पुलिस द्वारा प्रदेश में 12 से 26 जून तक नशे के खिलाफ नशा मुक्त हरियाणा पखवाड़ा अभियान शुरू किया है। वहीं, थाना सदर पुलिस ने वीरवार को रिफाइनरी टाउनशिप में खेल मैदान में आईओसीएल व शहर के एक्सपोर्टर की टीम के बीच सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन करवा समाज को नशा मुक्ति का संदेश दिया।




पानीपत में पुलिस अधिकारियों के साथ क्रिकेट खिलाडीगण। *फोटो : हरिभूमि*

कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय संदीप कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर दोनों टीमों का परिचय ले खिलाड़ियों की हौंसला बढाते हुए मैच का शुभारंभ किया। इधर, एक्सपोर्टर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी और 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 156 रन का स्कोर बनाया। जवाब में आईओसीएल की टीम ने 17.1ओवर में 6 विकेट खोकर उक्त लक्ष्य को हासिल कर मैच को जीत लिया। थाना सदर प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश भी आईओसीएल की टीम की और से खेले। उन्होंने 3 ओवर में 21 रन देकर 1 विकेट लिया। इसी प्रकार रवि रंगा ने 50 रन की नाबाद पारी

योग शिविर का संचालन जिला कारागार पानीपत में किया गया

# आर्ट आफ लिविंग ने जेल में 1200 बंदियों को कराया योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत जेल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बंदी योग करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

श्रीश्री रविशंकर द्वारा स्थापित आर्ट आफ लिविंग संस्था की पानीपत शाखा के प्रशिक्षक सुरेंद्र गोयल एवं गौतम सेतिया द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग शिविर का संचालन जिला कारागार पानीपत में किया गया। शिविर में 1200 से अधिक पुरुष बंदियों ने भाग लिया। बंदियों को योगासन, प्राणायाम के साथ ध्यान भी करवाया गया। जिसे करने के उपरांत बंदियों ने शारीरिक और मानसिक लाभ अनुभव किये। कार्यक्रम को सबने सराहा और बंदियों ने नशा मुक्ति की भी प्रतिज्ञा ली। जेल प्रशासन आर्ट आफ लिविंग के प्रति आभार व्यक्त किया। जिससे बंदियों को तनाव मुक्त जीवन जीने में सहयोग मिले और वे मुख्य धारा में शामिल होकर एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें। मौके पर देवी दयाल अधीक्षक पानीपत जेल, गीता रानी डीएसपी जेल, संदीप सिंह डीएसपी जेल व जेल प्रशासन स्टॉफ उपस्थित रहा।



**पानीपत।** आर्य कालेज में सात दिवसीय योग शिविर के समापन पर योग करते साधक।

### योग करने वाला योग सौ वर्ष की उम्र पता है: कंबोज

**पानीपत।** आर्य कालेज के योग क्लब, एनएसएस और एनसीसी विभाग द्वारा सात दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर समापन हुआ। जिसमें 100 से अधिक विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने हिस्सा लिया। जिसमें भारतीय योग संस्थान के प्रशिक्षक नरेश कंबोज, पंकज मल्होत्रा और सतीश अरोड़ा ने सत्रों का नेतृत्व किया। मुख्य प्रशिक्षकों ने सूक्ष्म क्रियाओं, आसनों और प्राणायाम का अभ्यास करने पर ध्यान केंद्रित किया और दैनिक जीवन में योग को शामिल करने के महत्व पर जोर दिया। जिसमें भ्रामरी, कपालभाति और अनुलोम विलोम जैसी विभिन्न प्राणायाम तकनीक सिखाई गईं। जिसमें सभी प्रतिभागियों ने नियमित योग करने की शपथ ली। जिसमें पानीपत और सोनीपत कॉलेजों के एनसीसी कैडेट्स के साथ-साथ आर्य कॉलेज की एनएसएस इकाई भी शामिल हुई। कार्यक्रम में आर्य कॉलेज के एनएसएस अधिकारी विवेक गुप्ता, एनसीसी अधिकारी शिवनारायण, योग क्लब सदस्य डॉ. सोनिया सोनी, डा. रजनी शर्मा, प्रो. पंकज चौधरी मौजूद थे।

### डेरा प्रेमियों ने जरूरतमंद परिवारों को राशन बांटा

**पानीपत।** हुडा सेक्टर 11/12 की हाउसिंग कालोनी में डेरा सच्चा सौदा प्रेमियों की साध संगत द्वारा जरूरतमंद परिवारों को राशन वितरित किया गया। डेरा सच्चा सौदा सिरसा द्वारा डेरे की प्रेरणानुसार 162 मानवता भलाई के कार्य चलाए जा रहे है। जिनमें से मुख्य तौर पर, पेड़ लगाना, सफाई रखना, सफाई महाअभियान चलाना, खुद भूखे रह कर लोगों को राशन देना, गरीब परिवारों की आर्थिक मदद करना, निर्धन परिवारों की लड़कियों की शादी करवाना, पढ़ाई में मदद करना, महिला उत्थान के कार्य करना, निर्धनों का मकान बनवाना आदि शामिल हैं। इस अवसर पर प्रेमी सेवक संजय इंसा, भंवर सिंह, सुरेंद्र इंसा, मोहन लाल इंसा, राजकुमार जोगिंदर इंसा, राजकुमार इंसा, राजिंद्र इंसा, नारायण दास गुलाटी, निखिल इंसा, सुदेश इंसा, बाला इंसा, मीना इंसा, सरोज इंसा, बिमला इंसा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### कैंटर ने मारी बाइक को टक्कर, दंपति घायल

**बराड़ा।** गांव उगाला में बाईक व कैंटर की टक्कर में बाईक सवार दंपति घायल हो गए। पुलिस को दी शिकायत में डेरा संगतपुरा की जरनैलो दवी ने बताया कि वह बीती 18 जून को अपने पति जगदेव सिंह के साथ बाईक पर सवार होकर उगाला में बैंक के कार्य से गए थे जैसे ही वह उगाला चौंक पर मुडऩे लगे तो सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार कैंटर ने उनकी बाईक को टक्कर मार दी, टक्कर लगते ही वह दोनों सडक़ पर जा गिरे।

### एयरटेल ने ग्राहकों के लिए लांच किया विशेष पैकज

**अंबाला।** अग्रणी दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने दुनिया के सबसे बड़े टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट को ध्यान में रखते हुए ग्राहकों के लिए विशेष पैकज पेश किए। निर्बाध और निरंतर मैच देखने के अनुभव को सुनिश्चित करने के लिए, एयरटेल अपने प्रीपेड, पोस्टपेड, इंटरनेशनल रोमिंग, होम ब्रॉडबैंड और एयरटेल डिजिटल टीवी उपयोगकर्ताओं के लिए भारत में दुनिया के सबसे बड़े टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के आधिकारिक स्ट्रीमिंग पार्टनर डिज्नी+ हॉटस्टार की तीन महीने की सदस्यता प्रदान कर रहा है।

### चुनावी रंजिश को लेकर सरपंच पर हमला

**अंबाला।** चुनावी रंजिश के चलते कुछ ग्रामीणों ने सरपंच पर हमला कर दिया। सरपंच गांव में नालों की सफाई का काम देखने के लिए गया था। मामला नग्गल पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले गांव मस्तपुर का है। पुलिस ने सरपंच की शिकायत पर 2 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मस्तपुर के सरपंच बलजिंदर सिंह ने बताया कि 19 जून की शाम को वह पंचायत द्वारा कराई जा रही नालों की सफाई देने के लिए गया था।

### दहेज उत्पीड़न में आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** थाना अम्बाला शहर में दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने आरोपी आदिश व एक महिला को शामिल जांच किया है । पीड़ति महिला ने 10 मई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 17 जनवरी 2017 विवाह के समय से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग अधिक दहेज की मांग हेतू उसे प्रताड़ति कर जान से मारने की धमकी देते आ रहे हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

# पीएम मोदी के प्रयासों से पूरे विश्व में मनाया जा रहा योग दिवस, एक साथ पांच हजार साधकों ने किया योग

## अंबाला शहर के पुलिस लाइन ग्राउंड में भव्य तरीके से आयोजित किया गया जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, मंत्री बनवारी लाल ने भी किया योग

### योग विद्या भारत के ऋषि-मुनियों की अमूल्य धरोहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, पीडब्लूडी एवं वास्तुकला मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने शुक्रवार को पुलिस लाइन ग्राउंड में आयोजित जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से पूरा विश्व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है। योग विद्या भारत के ऋषि-मुनियों की अमूल्य धरोहर है। अनादिकाल से परम्परा द्वारा योग चला आ रहा है। इस अवसर पर करीब 5 हजार से ज्यादा ने एक साथ योग किया, जिसमें बच्चे, पुरूष व महिलाएं शामिल थी। इस दौरान डिविजनल कमिश्नर डॉ. रेनू एस फुलिया व डीसी डॉ.शालीन भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। पीएम मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जम्मू-कश्मीर से योग दिवस पर अपना संबोधन दिया। मंच से मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं है, बल्कि स्वयं के साथ विश्व और प्रकृति के साथ जुडऩे का भाव है। योग हमारी जीवन शैली में परिवर्तन लाकर हमारे अन्दर जागरूकता उत्पन्न करता है। योग एवं ध्यान से व्यक्ति का शरीर व मन स्वस्थ रहता है। शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ मनुष्य ही देश के विकास में भागीदार हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से 11 दिसम्बर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 193 सदस्यों में रिकॉर्ड 177 सह-समर्थक देशों के साथ 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का संकल्प सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। इसी दिशा में प्रदेश सरकार वर्ष 2015 से प्रत्येक वर्ष 21 जून को योग दिवस का आयोजन कर योग को जनमानस तक पहुंचाने का कार्य कर रही है।



अंबाला। योग दिवस पर योग करते मंत्री बनवारी लाल व अन्य अधिकारी।

### छात्रों ने किया योग

जिलास्तरीय योग कार्यक्रम में मुख्य मंच से छात्रों के एक ग्रुप ने अलग-अलग योग विधाएं करके दिखाई। वहीं आयुष विभाग की योग सहायक नीरू अग्रवाल और विशाल वर्मा ने मौजूद सभी लोगों को योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस मौके पर एसपी जशनदीप सिंह रंधावा, एडीसी अपराजिता, एएसपी श्रृष्टि गुप्ता, सीईओ जिला परिषद नवीन आहूजा, भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, संजीव गोयल टोनी, गुरविन्द्र सिंह माणकपुर, सचिव आरटीए सुशील कुमार, एसडीएम दर्शन कुमार, सीटीएम विश्वजीत सिंह, रेडक्रॉस सचिव विजय लक्ष्मी, आयुष विभाग से डॉ. सतपाल, डॉ. शैफाली, डॉ. निधि शर्मा, डॉ. रंजना वर्मा, डॉ. राजकुमार, डीईओ सुरेश कुमार, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, डीएसओ डॉ. प्रवीन कुमार, डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. बलविन्द्र कौर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। योग विशेषज्ञ संदीप मलिक ने कार्यक्रम का मंच संचालन किया।

### स्वेच्छा से हर रोज करें योग

**शहजादपुर।** जिला परिषद चेयरमैन राजेश लाडी ने कहा कि योग एवं प्राणायाम को हर रोज करें और स्वस्थ रहे। दिनचर्या में योग को शामिल कर हम शारीरिक और मानसिक तौर पर निरोग रह सकते है। उन्होने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग को मात्र एक दिन नहीं बल्कि स्वेच्छा से हर रोज करें। योग से शरीर के सभी अंग सही प्रकार से काम करते है। चेयरमैन राजेश लाडी राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शहजादपुर में दसवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि योग आसन शरीर, मन और आत्मा को नियंत्रित करने में मदद करते है। कार्यक्रम में पहुंचने पर बीडीपीओं नेहा शर्मा, खंद शिक्षा अधिकारी ज्योति रानी ने जिला परिषद चेयरमैन राजेश लाड़ी को एक पौधा देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर बीडीपीओं नेहा शर्मा ने योग से शरीर के सभी अंग सही प्रकार से काम करते है। उन्होंने कहा कि महिलाएं भी प्रतिदिन अपनी क्षमता अनुसार योग करें। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी एवं बीईओं ज्योति रानी ने कहा कि हमारे ऋषि मुनियों ने कहा भी है कि करो योग रहो निरोग। योग के नियमित अभ्यास से कई प्रकार के स्वास्थ्य लाभ होते है। योग के महत्व को जान कर इसे विश्व भर में इसे अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा है।



शहजादपुर। ब्लॉक स्तरीय समारोह में योग करते लोग।

### हर दिन करें योग: डीसी

डीसी डॉ. शालीन ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी लोगों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि योग हमारी प्राचीन पद्धति है। हमें हर दिन योग व प्राणायाम करना चाहिए। नियमित रुप से योग करके हम अपने आपको स्वस्थ रख सकते हैं। यह हमारे लिए गौरव की बात है कि न केवल हमारे देश बल्कि विश्वभर में आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। अम्बाला के इस जिलास्तरीय कार्यक्रम में पुरुष, महिलाओं के साथ-साथ बच्चे व बुजुर्ग भी हिस्सा ले रहे हैं। हर कोई योग के महत्व को समझता है। भावी पीढ़ी को भी योग को आगे लेकर जाना है।

## जीवन को सुखमय बनाने के लिए योग बेहद जरुरी

- ब्लॉक स्तर पर आयोजित योग दिवस में चेयरपर्सन रिंकी वालिया ने लोगों को योग के प्रति किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारायणगढ़

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि नगरपालिका चेयरर्पसन रिंकी वालिया ने शिरकत की और योग साधकों के साथ योगासन/ध्यान एवं प्राणायाम किया। इस मौके पर उन्होने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस बार के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वयं और समाज के लिए योग है। उन्होने कहा कि हम न केवल स्वयं योग करें बल्कि दूसरों को भी योग करने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में पहुंचने पर एसडीएम यश जालुका ने पर्यावरण का प्रतिक एक पौधा देकर चेयरपर्सन रिंकी वालिया का स्वागत किया। एसडीएम ने कहा कि योग करने से जहां हम स्वस्थ रहते है वहीं हमारें अंदर सकारात्मक विचार आते है। शरीर को फिट रखने के लिए योग, प्राणायाम एवं ध्यान करना चाहिए। आजकल की लाइफ स्टाइल के हिसाब से सभी को प्रतिदिन अपनी शारीरिक क्षमता अनुसार योग करना चाहिए। योगासन हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाते है। योग, प्राणायाम व ध्यान से शरीर के अंग सक्रिय रहते है और दिमाग की सकारात्मकता बढती है। इस अवसर पर प्रभारी सुरेंद्र सैनी, संजय धीमान, प्रवक्ता कुलवंत सिंह, सिद्धि भारती तथा नमन सैनी द्वारा आए हुए सभी योग साधकों को सूक्ष्म क्रियाएं एवं प्रोटोकाल अनुसार योगासन एवं प्रणायाम एवं ध्यान सम्बंधी क्रियाएं करवाई गई। साधकों को सबसे पहले प्रार्थना फिर उसके बाद ग्रीवा चालान, स्कंद संचालन कटि चालान, घुटना संचालन क्रियाएं करवाई गई और खड़े होकर किए जाने वाले योगासन में ताड़ासन, वृक्षासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन करवाएं, बैठकर किए जाने वाले आसनों में भद्रासन, वज्रासन, शशांक आसन, वक्रासन तथा पेट के बल लेट कर किए जाने वाले आसनों में मकरासन, भुजंगासन, शलबआसन करवाए गए।





नारायणगढ़। योग दिवस के मौके पर योग करते हुए नगरपालिका चेयरपर्सन रिंकी वालिया, एसडीएम यश जालुका।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी सुदेश बिंढल, आरपी राठी, डॉक्टर अखिलेश, नवीन सैनी, मोहित, जसबीर, नवीन, डॉ. राजेश, मनजीत, नीलम, दीप्ति धीमान, एडवोकेट लाजपत, जावेद, नरेश, भविंदर, अमित, गुरुदेव, रामप्रसाद धीमान, कृष्ण लाल, नीता वालिया, पुष्पा चानना, मीनाक्षी वालिया भी मौजूद रहे।

### हजारों सालों से योग भारतीयों की जीवनशैली का हिस्सा



बराड़ा। योग करते हुए एसडीएम अश्वनी मलिक व अन्य।

**बराड़ा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में स्थानीय राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खंड स्तरीय योग दिवस समारोह का आयोजन किया गया जिसमें एसडीएम अश्वनी मलिक बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। योग दिवस समारोह में कर्मचारियों के साथ-साथ महिला, पुरुष और बच्चों ने संयुक्त रूप से लगभग 500 योग साधकों के साथ योगाभ्यास किया। इस योग दिवस पर आयुष विभाग की ओर से योग साधकों को रिफ्रेशमेंट आदि प्रदान की गई। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को श्रीनगर व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को हिसार से योग से संबंधित लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। एसडीएम अश्वनी मलिक ने बताया कि इस वर्ष आयुष विभाग एवं हरियाणा योग आयोग द्वारा दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि योग की शुरुआत भारत में पूर्व-वैदिक काल में हुई मानी जाती हैं। योग हजारों साल से भारतीयों की जीवन-शैली का हिस्सा रहा है। उन्होंने कहा कि योग एक कला है जो हमारे शरीर, मन और आत्मा को एक साथ जोड़ता है और हमें मजबूत और शांतिपूर्ण बनाता है। योग तनाव को कम करने में मदद करता है और समग्र स्वास्थ्य को बनाए रखता है। यदि आपका शरीर स्वस्थ है तो आपके पास दुनिया की सबसे बड़ी दौलत हैं। स्वस्थ व्यक्ति ही देश और समाज का हित कर सकता है।

### शारीरिक व मानसिक तौर पर फिट रखता है योग

- एमडीएसडी कॉलेज में इको क्लब की ओर से योग दिवस का हुआ आयोजन



अंबाला। योग करती शिक्षक व छात्र।

**अंबाला।** एमडीएसडी कॉलेज के ईको क्लब द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इसका आयोजन इको क्लब इंचार्ज डॉक्टर कौशल चौहान व डॉक्टर जसप्रीत कौर के द्वारा किया गया। डॉक्टर कौशल चौहान ने कहा कि योग हमारे शरीर, मन और सांस में प्राण को ठीक से खोजने और निर्देशित करने के साथ-साथ पर्यावरण और प्रकृति के चार तत्वों से जुड़ने के लिए उपकरण प्रदान करता है; वायु, पृथ्वी, जल और अग्नि। प्राण के प्रति जागरूकता का अभ्यास करके, हम अपने चारों ओर ऊर्जा परिवर्तन देखना शुरू कर सकते हैं। डॉक्टर जसप्रीत ने बताया कि वेलनेस रिट्रीट जिसमें योग भी शामिल है, व्यक्तियों को तरोताजा होने और उनकी भलाई को बढ़ाने के लिए अद्वितीय अवसर प्रदान करता है। कार्यवाहक प्रिंसिपल कर्मजीत कौर कहा कि योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करके और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प चुनकर, हम समग्र कल्याण, आत्म-जागरूकता और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा दे सकते हैं। कॉमर्स डिपार्टमेंट से डॉक्टर सीमा सिंघल ने कहा कि हमें एक स्थायी जीवन शैली अपनाकर अपनी पृथ्वी को संरक्षित करने की आवश्यकता है जहां योग का महत्व हर किसी को पता हो। इस अवसर पर रजनी मित्तल तथा श्वेता भी शामिल रही। कार्यवाहक प्रिंसिपल कर्मजीत कौर ने डॉक्टर कौशल चौहान व डॉक्टर जसप्रीत कौर को कार्यक्रम के सफल संचालन पर बधाई दी तथा भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम करवाते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

# परीक्षाओं में धांधली को लेकर कांग्रेसियों ने बोला हल्ला

- केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी
- बाजारों से होकर निकले प्रदर्शनकारी, सरकार की लापरवाही की खोली पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

अखिलल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं सिरसा लोकसभा सीट से सांसद कुमारी सैलजा के निर्देशानुसार शुक्रवार को कांग्रेसियों ने नीट, यूजीसी नीट व आईटीईपी परीक्षा मे हुई धांधली को लेकर अंबाला शहर के जगाधरी गेट पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों की अगुवाई हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष रोहित जैन ने की। प्रदर्शनकारियों ने धांधली की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। कांग्रेसियों ने नीट, यूजीसी नीट व समे दूसरी परीक्षा मे हुई धांधली व पेपर लीकके खिलाफ जमकर हल्ला बोला। भारी संख्या में मौजूद कांग्रेसी कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लेकर गगनभेदी नारे लगाते हुए विभिन्न बाज़ारों से निकले। दिलचस्प नारों के जरिये कांग्रेसियों ने सोयी सरकार को नींद से जगाने का प्रयास किया। इस मौके पर रोहित जैन ने कहा कि इस समय देश में लोकतंत्र की नहीं बल्कि लोकतंत्र की सरकार है। अभी नीट पेपर लीक की जांच चल ही रही थी कि अब यूजीसी नेट जून 2024 परीक्षा पेपर लीक के कारण रद्द कर सरकार ने लाखों छात्रों का भविष्य अंधकार में धकेल दिया गया है। उन्होंने कहा की इन सब के साथ ही इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम की परीक्षा की भी गड़बड़ी सामने आई है 1 एक के बाद एक परीक्षा में गड़बड़ी और पेपर लीक ने इस सरकार नाकामी साबित कर दी है 1 आज मेहनती परीक्षार्थियों की आंखों में सिर्फ आंसू ही आंसू है, उनकी महीनों की मेहनत का हिसाब कौन देगा? जैन ने कहा की शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रकार की लापरवाही और गड़बड़ी स्वीकार्य नहीं है। जैन ने कहा कि परीक्षा से एक दिन पहले यूजीसी नेट पेपर का लीक होना, टेलीग्राम पर पांच पांच हजार रुपये में कोचिंग संस्थानों के जरिए छात्रों को बेचा जाना बहुत ही निंदनीय व शर्मनाक है। उन्होने कहा कि परीक्षा माफिया ने यूजीसी नेट के पेपर को नसिर्फ परीक्षा से एक दिन पहले लीक किया बल्कि उसे इंटरनेट नेटवर्किंग साइट टेलीग्राम के जरिए देशभर में पहुंचाया।



अंबाला। परीक्षाओं में धांधली को लेकर प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

**ये रहे मौजूद:** इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता तरुण चुघ, कुलदीप सिंह गुल्लु, सचिन पुनिया, दविंदर बजाज, अशोक बरतिया, विक्की चौहान ,नरेंद्र पाली, कैप्टन जतिंदर पाल सोढ़ी, मोहनजीत सिंह भानोखेडी, संजीव फौजी,रूप चंद, खुशबीर वालिया, दविंदर भाटिया खन्ना माजरा, एडवोकेट विनोद वालिया, एडवोकेट गौरव कुकरेजा, एडवोकेट देवीदयाल, सतपाल मलिक, बलबीर सिंह, टेक चंद, कुलदीप कौर, राजविंदर कौर, संजय राठी, राहुल अगरवाल, योगेश कपिल रोमी, मीना, निशा, एडवोकेट शुभम मल्होत्रा, एडवोकेट शुभम अग्रवाल, नवीन शर्मा, मुकेश, गुलशन डकोत, नरिंदर गुप्ता, अभय भटनागर, दीपक,विपिन गर्ग, राजपाल शर्मा, साईं गौड़, रोहित गर्ग, किरण राणा, श्रेयांश जैन, करणवीर, अधिवक्ता रघबीर रघु, सुभाष चंद, निर्मल, आदि सैंकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# योग स्वस्थ जीवन का मूल मंत्र

- गवर्नमेंट कॉलेज में मनाया गया योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में आरोग्य भारती के साथ मिलकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजित किया। कार्यक्रम में कॉलेज के सौ से अधिक विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया।कार्यक्रम में काउंसिल ऑफ इंडियन मेडिसिन के चेयरमैन डॉ दिनेश अग्रवाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की । प्राचार्य प्रो संजय शर्मा ने डॉ दिनेश अग्रवाल का स्वागत पौधा भेंट करके किया। कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर इंद्रेश अग्रवाल ने विभिन्न योगासन करवाए।प्राचार्य प्रो संजय शर्मा ने कहा कि आज के तनावपूर्ण जीवन में हम सभी को योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए। डॉ जयप्रकाश गुप्त ने इस अवसर पर योग के मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की । कॉलेज के खेल विभाग के संयोजक राकेश शर्मा व सुरेश कुमार ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद किया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अनिल बहल, सुभाष सिंगल,कल सिंघवानी, ओपी गिरधर,अशोक कक्कड़,प्रो. विनोद कुमार, डॉ. दीपक शर्मा, प्रो. शर्मीला, प्रो. अंजू भारद्वाज,प्रो. अनिल कुमार, डॉ. राजीव, डॉ. प्रदीप, सुजाता, डॉ. सरबजीत, डॉ. रणदीप, डॉ. अंजू तंवर, डॉ. तरसेम, प्रो. अशोक, डॉ. ब्रिजेंद्र, प्रो. हितेष भारद्वाज, डॉ. रवि अग्रवाल, श्वेता, रविंद्र, संघर्ष,निशा एवं नॉन टीचिंग स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## नालों की सफाई के लिए तोड़े जा रहे थड़े और स्लैब, बाढ़ से बचाव की कसरत शुरू

- नपा प्रशासन की ओर से चलाया जा रहा है नालों की सफाई का अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बराड़ा

पिछले साल आई बारिश से बने बाढ़ जैसे हालात से सबक लेते हुए अबकी बार नगरपालिका प्रशासन मानसून शुरू होने से पहले ही तैयारी में जुट चुका है। इसके लिए नपा प्रशासन ने नालों की सफाई का अभियान चलाया हुआ है। नालों की सफाई के लिए जेसीबी की मदद ली जा रही है। नालों की सफाई करने की राह में बाधा बन रहे दुकानों के थड़ो व स्लैबों को तोड़ा जा रहा है। आपको बता दें कि नालों की समय पर सफाई न होने के कारण पिछले वर्ष बरसात के मौसम में सडक़ों व गलियों में गंदा पानी भर चुका था। पानी की निकासी अवरूद्ध होने के कारण बराड़ा के महाराणा प्रताप चौक से लेकर एसएमएस कॉलेज तक मुख्य सडक़ एक से दो फुट तक पानी में डूब गई थी और यह स्थिति कई दिनों तक बनी रही थी। पिछले वर्ष इस स्थिति से निजात दिलाने के लिए नगरपालिका अधिकारियों के आगे नागरिकों ने कई बार गुहार लगाई थी लेकिन उस समय नगरपालिका के लापरवाह अधिकारियों ने किसी की नहीं सुनीं। अबकी बार नगरपालिका के अधिकारियों ने पिछले साल से सबक लेते हुए समय रहते नालों की सफाई का काम तो शुरू कर दिया है लेकिन कई दुकानदारों ने दुकानों के थड़े तोड़े जाने को लेकर विरोध जताना शुरू कर दिया है।

## कारगर साबित हो रहा है समाधान शिविर

# छोटी-छोटी समस्याओं का मौके पर ही हो रहा है समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिले व उपमंडल स्तर पर शुरू किए गए समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं के समाधान हो रहे हैं। उपायुक्त कोर्ट में शुक्रवार को आयोजित समाधान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में एडीसी अपराजिता ने शिकायतों को सुना और मौके पर शिकायतों का समाधान करवाया। एडीसी ने बताया कि जिलास्तरीय समाधान शिविर के दौरान कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुई, इनमें परिवार पहचान पत्र से जुड़ी 9, पुलिस से जुड़ी 2, प्रॉपर्टी आईडी से जुड़ी 2, आयुष्मान कार्ड से जुड़ी 1, बुढ़ापा पेंशन से जुड़ी 5 और सडक़ से जुड़ी 1 शिकायत प्राप्त हुई थी। इन शिकायतों में से 10 का निपटारा मौके पर कर दिया गया। 10 शिकायतों को समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों के समक्ष भेज दिया गया है, जिनका समाधान जल्द से जल्द किया जाएगा।



अंबाला। समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनती एडीसी अपराजिता।

### पेंशन बनी, मुख्यमंत्री का धन्यवाद

अंबाला मॉडल टाउन के रहने वाले बिशंबर सिंह ने बताया कि उनकी बुढ़ापा पेंशन लगने में दिक्कत आ रही थी। उन्हें पता चला कि उपायुक्त कोर्ट में समाधान शिविर लगाया जा रहा है। इस शिविर में पहुंचकर उन्होंने अपनी पेंशन की शिकायत को रखा। एडीसी अपराजिता ने शिकायत सुनी और तत्काल समाधान करवाया। अब डाटा पेंशन के लिए भेज दिया गया है।

### आयुष्मान कार्ड बना

समाधान शिविर में शिकायत लेकर पहुंचे राजकुमार का कहना है कि उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बन रहा था। समाधान शिविर में शिकायत लेकर पहुंचा। यहां तत्काल कार्रवाई हुई और मेरा डाटा आयुष्मान कार्ड के लिए भेज दिया गया है। जल्द आयुष्मान कार्ड बनकर आ जाएगा। इस समाधान शिविर को शुरू करके मुख्यमंत्री नायब सिंह ने अच्छी पहल की है।

### पीपीपसी में जुड़ा नाम

समाधान शिविर में कराली गांव से पहुंची अंजना परिवार पहचान पत्र में नाम जुड़वाने के लिए पहुंची थी। उसकी समस्या का मौके पर समाधान किया गया। इसके बाद उसने यहां बैठे अधिकारियों को धन्यवाद किया। इसके साथ-साथ उसका कहना था कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने यह बेहतर शुरूआत की है।

### दिव्यांग सर्टिफिकेट बना

दिव्यांग मदनलाल समाधान शिविर में अपने दिव्यांग सर्टिफिकेट के लिए पहुंचे थे। शिविर में उनकी समस्या सुनी और तत्काल संबंधित विभाग को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उसका दिव्यांग सर्टिफिकेट बना, इसके बाद उसने हरियाणा सरकार और डीसी डॉ. शालीन का धन्यवाद किया।

### पति की पेंशन लगी

समाधान शिविर में संतोष रानी पेंशन की समस्या को लेकर पहुंची। उसका कहना था कि उसके पति चलने में असमर्थ हैं। उनकी पेंशन लगवाने के लिए पिछले काफी समय से प्रयास कर रही थी। पीपीपी आईडी में कोई समस्या थी। समाधान शिविर में पीपीपी आईडी का समाधान हुआ और अब पेंशन भी बन गई है। इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह का बहुत-बहुत धन्यवाद है। जिन्होंने इस शिविर की शुरूआत की।